घटनाएं

बालाकोट के जंगल की घटना, सागर किया गया रेफर

# भालू के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल



**नवभारत,दमोह 9 जुलाई। वन परिक्षेत्र दमोह के अंतर्गत बालाकोट के जंगल में गुरुवार को भालू के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.**

जानकारी के अनुसार 33 वर्षीय माधव सिंह बमनोदा जंगल गया था, तभी अचानक भालू ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक को गंभीर चोटें आईं। घायल को तत्काल दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. उमेश तंतुवाय और उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस से सागर रेफर किया गया है।

## वन विभाग के अधिकारी पहुंचे अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे और रेंजर विक्रम चौधरी के निर्देश पर डिप्टी रेंजर संजय रैकवार और वनरक्षक अमान सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल को इलाज के लिए तत्काल 1000 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। वन विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जंगल में कहीं भी वन्यजीव दिखाई दें तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें।



## अलग-अलग घटनाओं में 4 की मौत

बुधवार शाम दमोह जिले में हुई अलग-अलग घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि ग्राम बांदकपुर निवासी अमित उर्फ भोले कुएं से पानी खींच रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

### सल्फास के सेवन से मौत

सड़क हादसे में घायल दीपेश अहिरवार निवासी ग्राम छोटी पथरिया थाना बटियागढ़ को उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था। ड्यूटी डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर मागंज वार्ड-5 थाना कोतवाली निवासी गोपाल प्रसाद रैकवार ने सल्फास का सेवन कर लिया था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य घटना में 108 एंबुलेंस द्वारा एक अज्ञात वृद्ध को जिला अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।




## जरारूधाम में 17 को लगेंगे 2100 पौधे मंत्री पटेल ने परिवार के साथ किया निरीक्षण

**नवभारत,दमोह। जिले के मगरोन गौ-अभ्यारण, जरारूधाम में 17 जुलाई को एक साथ 2100 पौधों का रोपण किया जाएगा। यह जानकारी मप्र के पंचायत व ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने गुरुवार को जरारूधाम पहुंचकर दी। मंत्री अपने पूरे परिवार के साथ तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे।**

मंत्री ने बताया कि श्री दादा गुरु के 21 दिन निराहार रहने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होंगे ।निरीक्षण के दौरान मंत्री पटेल ने बन रहे भवनों का अवलोकन किया और परिसर में लगे हरे-भरे वृक्षों को देखा। उन्होंने नर्मदा सेवा खंड संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, सुशील गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।मंत्री ने उद्गम स्थल पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जल ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने गौशाला के विशाल टीन शेड और नर्सरी का भी निरीक्षण किया ।इस दौरान श्रीमती पुष्पलता पटेल,फलित पटेल, गौपाल पटेल, आलोक गोस्वामी, कैलाश शैलार, शिवचरण पटेल, गंगाराम पटेल, राजकुमार सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, कविता बजाज,नर्मदा सिंह एकता, राजू कमल ठाकुर जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि, आरईएस प्रभारी अदिति एच.ठाकुर, जनपद सीईओ अश्वनी सिंह, उपयंत्री समीर खान, थाना प्रभारी वंदना गौर सहित अन्य अधिकारी व गणमान्यजन रहें.

## एक नजर में

### श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन धूमधाम से मनाया गया श्री रुक्मणी-कृष्ण विवाहोत्सव



**नवभारत,दमोह।** शहर स्थित मारुताल में छोटेलाल यादव के निवास स्थान पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्री रुक्मणी-कृष्ण विवाह बड़े ही उल्लास और धूमधाम से मनाया गया ।कथा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए और विवाहोत्सव का आनंद लिया। पूरे पंडाल को फूलों और झालरों से सजाया गया था। इस अवसर पर श्री रुक्मणी-कृष्ण की भव्य झांकी तैयार की गई, जिसका श्रृंगार सीताराम सोनी, दमोह द्वारा किया गया। झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए ।कथा व्यास पंडित पंकज शास्त्री द्वारा प्रतिदिन कथा का श्रवण कराया जा रहा है। उन्होंने रुक्मणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति और समर्पण से ही भगवान की प्राप्ति संभव है ।कथा में भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जैन मुनि श्री पद्मसागर महाराज के सागर रोड पर अगवानी को लेकर पुलिस ने की विशेष व्यवस्था



**नवभारत,दमोह.** जैन मुनि श्री पद्मसागर जी महाराज के सागर रोड पर अगवानी को देखते हुए दमोह पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की गई ।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अगवानी मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया .विहार के दौरान मार्ग पर यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायवर्जन और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई। चौकी प्रभारी विक्रम दांगी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे मार्ग पर पुलिस स्टाफ मुस्तैद रहा. विहार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग भी की गई ।जैन समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की.

### मप्र फुटबॉल संघ की टैलेंट सर्च प्रक्रिया संपन्न, 80 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नवभारत,दमोह.** जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ की दो दिवसीय टैलेंट सर्च प्रक्रिया सेंट नॉर्बर्ट स्कूल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के प्रतिनिधि आशीष पिल्ले और स्वपन कुमार विश्वास विशेष रूप से पहुंचे।



## बच्चों की सुरक्षा हेतु पुलिस का विशेष अभियान

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने विद्यालय संचालकों,प्राचार्यों को दिए सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में 8 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 तक जिले में स्कूल बस स्पेशल चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है.अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित व मानक अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना तथा स्कूल वाहनों में सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना है. इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम, दमोह में जिले के समस्त विद्यालयों के संचालकों, प्राचार्यों, शिक्षकों की बैठक आयोजित की.

## उफनते नालों से दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा, पुल निर्माण की मांग

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** निरंतर बारिश के कारण लखरोनी-टीला मार्ग के बीच बहने वाले पीरा नाला, मिर्जापुर नाला और मोटे-बंसौली नाला ने क्षेत्रवासियों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं ।बारिश के कुछ देर बाद ही इन नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है,जिससे टीला, मिर्जापुर, बंसौली, सतपारा, मढ़िया, खिरिया, लखरोनी, रमपुरा सहित कई गांवों का आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है ।स्कूली बच्चे, मरीज, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। नाले उफान पर होने के बाद भी कुछ वाहन चालक घर जल्दी पहुंचने के चक्कर में जान जोखिम में डालकर पुल पार करने की कोशिश कर रहे हैं ।नाले पार न कर पाने के कारण इन गांवों का कई घंटों तक मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है। मजबूरी में लोगों को डायमंड-सतपारा होते हुए लंबा रास्ता तय कर अपने घर पहुंचना पड़ रहा है।

### क्षेत्रवासियों का कहना है



कि हर बारिश में यही स्थिति बनती है। उन्होंने शासन से पीरा नाला, मिर्जापुर और मोटे नालों पर ऊंचे पुलों के निर्माण की मांग की है, ताकि बरसात में भी आवागमन सुचारू रह सके और किसी की जान को खतरा न हो।



## ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**नवभारत,दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण गुरुवार को किया गया ।निरीक्षण कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप नारायण यादव द्वारा किया गया। इस दौरान ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, वेयर हाउस में रख-रखाव और सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया ।इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण भी मौजूद रहे ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया।

## सुशासन की मंशा के अनुरूप राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें : कलेक्टर

**नवभारत, दमोह।** सुशासन की भावना के अनुरूप आमजन को त्वरित व पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख सुधार, भूमि चिन्हांकन, भू-अर्जन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की. एडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी मौजूद थे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का निराकरण समय-सीमा, पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित किया



जाए.बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों व लंबित प्रकरणों की खण्डवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को निर्देश दिए कि पटवारियों की रिपोर्ट अधिकतम 15 दिवस में प्राप्त कराई जाए तथा अधीनस्थ अमले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए. कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सीमांकन प्रकरणों का निराकरण पूर्ण निष्पक्षता व पारदर्शिता से किया जाए।

### तकनीकी सुविधाओं से लैस रोवर मशीन का अधिकतम उपयोग करें

तकनीकी सुविधाओं से लैस रोवर मशीन का अधिकतम उपयोग कर सटीक सीमांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भूमि विवादों की संभावना न्यूनतम रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ष्जिसका आवेदन पहले, उसका निराकरण पहलेष् के सिद्धांत का कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में खाद एवं यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, उनकी आईडी शीघ्र बनवाई जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर आईडी केवल खाद वितरण के लिए ही नहीं, बल्कि भविष्य में भूमि एवं कृषि से जुड़ी विभिन्न शासकीय सेवाओं का महत्वपूर्ण आधार बनेगी ।भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वामित्व का भली-भांति सत्यापन कर नियमानुसार पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा में तेन्दूखेड़ा तहसील का शत-प्रतिशत कार्य संतोषजनक पाया गया, जबकि दमोह नगर, हटा एवं जबेरा में प्रगति अपेक्षाकृत कम होने पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

## आदिवासियों और कांग्रेस ने किया बेदखली का विरोध



**नवभारत,हटा/दमोह.** हटा वनांचल क्षेत्र उदयपुरा में बुधवार को कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आदिवासी एकत्रित हुए। इस दौरान तहसीलदार आलोक जैन और जेपी मिश्रा ने ग्रामीणों से संवाद किया। दरअसल मड़ियादो बफरजोन के ग्रामीणों ने बीते दिन हटा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राजस्व और वन विभाग पर जमीन से बेदखल करने के आरोप लगाए थे।

### तहसीलदार से किया संवाद - आंदोलन की चेतावनी

इसी मामले में बुधवार को राजस्व अमला 50 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को सौंपने पहुंचा था ।इस दौरान कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक और आदिवासियों ने बेदखली कार्रवाई का कड़ा विरोध जताया। उन्होंने अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखते हुए बेदखली पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यदि मांग नहीं मानी गई तो आगामी दिनों में विशाल आंदोलन किया जाएगा ।संवाद के दौरान पटवारी अनिल शुक्ला सहित वन विभाग का अमला भी मौजूद रहा ।फिलहाल अधिकारियों ने ग्रामीणों की बात सुनी और उच्च स्तर पर अवगत कराने का आश्वासन दिया है।

## एसडीएम बंगले में निकला 6-7 फीट का सर्प, मचा हड़कंप

- दूसरे सर्प को मुंह में दबाए मिला, रेस्क्यू कर छोड़ा

**नवभारत,दमोह।** कलेक्ट्रेट स्थित ऑफीसर कॉलोनी में गुरुवार को एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व के बंगले में एक बड़ा सर्प देखे जाने से हड़कंप मच गया ।जानकारी के अनुसार बंगले में करीब 6-7 फीट लंबा एक सर्प दूसरे छोटे सर्प को मुंह में दबाए हुए पाया गया। इसे देखकर घर में मौजूद लोग घबरा गए ।एसडीएम सौरभ गंधर्व ने



स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एसडीईआरएफ रेस्क्यू टीम और स्थानीय सपेरों को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम और सर्प विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे ।टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों सर्पों को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें बंगले से बाहर ले जाकर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया ।रेस्क्यू के बाद ही कॉलोनी में राहत की सांस ली गई। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में सर्प दिखने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत रेस्क्यू टीम को सूचना दें।

## टाईम्स पब्लिक स्कूल में एक सप्ताह से चल रहे वन महोत्सव का समापन

**नवभारत,दमोह.** टाईम्स पब्लिक स्कूल मे एक सप्ताह तक वन महोत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया ।इस दौरान विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एंव प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करने के उदेष्य से ये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें पोस्टर मेंकिग, स्लोगन,सीड्स बॉल वृक्षारोपण गतिविधि आयोजित की गई। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए



आकर्षक पोस्टर व प्रेरणादायक स्लोगन तैयार किए व विद्यालय परिसर के आसपास पौधारोपण किया तथा सीड्सबॉल बनाकर हरित क्षेत्र बढाने का संदेष दिया। इस एक सप्ताह से चले आ रहे अभियान के तहत छात्रों ने स्कूल परिसर व अपने घर के आस पास के मैदान, पार्क व गार्डन में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया व सभी युवाओं को षहर को साफ रखने का संदेष दिया। कार्यक्रम के समापन मे छात्रो व उनके अभिभावकों के द्वारा बनाए गए सीड्स बॉल को स्कूल प्रंगण में एकत्रित किया गया,जो कि जल्द ही प्रषासन को सौंप दिये जाएगें,जो कि षहर के व्यवस्थित व नियोजित विकास मे एक अहम् भूमिका निभाएगा।

कार्यवाही

3 स्कूल बसों पर 48,500 का चालान

## स्कूल बस स्पेशल चेकिंग अभियान के तहत पुलिस की सख्त कार्रवाई




**नवभारत, दमोह।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में जिले में 08 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 तक संचालित किए जा रहे 10 दिवसीय स्कूल बस स्पेशल चेकिंग अभियान के अंतर्गत दमोह पुलिस द्वारा स्कूल बसों की सघन जांच की गई.इस अभियान के दौरान पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न विद्यालयों की स्कूल बसों का तकनीकी,यांत्रिक व सुरक्षा मानकों के आधार पर निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान वाहन दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी एग्जिट, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, सीसीटीवी, सीट क्षमता,चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस सत्यापन सहित अन्य सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान 3 स्कूल बसों में मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके विरुद्ध कुल 48,500 का चालान किया गया।

### वाहन संचालकों पर कठोर कार्रवाई जारी

संबंधित वाहन संचालकों को भविष्य में सभी सुरक्षा मानकों का पूर्णत: पालन करने हेतु सख्त निर्देश भी दिए गए। अभियान की अवधि में जिले के सभी स्कूल वाहनों की लगातार जांच की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## कंप्यूटर लैब बंद मिलने पर दिए निर्देश

एसडीएम हटा और तहसीलदार पटेरा ने किया निरीक्षण, पीएम श्री स्कूल कुंडलपुर का निरीक्षण

**नवभारत, पटेरा/ दमोह।** एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम व तहसीलदार पटेरा उमेश तिवारी ने बुधवार को पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडलपुर का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 7 शिक्षक उपस्थित पाए गए। स्कूल की कंप्यूटर लैब बंद मिली। इस पर प्राचार्य को निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन बच्चों को कंप्यूटर लैब में प्रैक्टिकल कराया जाए अधिकारियों ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से प्रश्नोत्तरी और अंग्रेजी विषय का पाठन कराया। साथ ही उद्यमिता विकास और स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए।



### विद्यालय की बिल्डिंग की स्थिति का भी जायजा लिया

एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई विद्यालय जर्जर अवस्था में है तो वहां कक्षाएं न लगाई जाएं ।मौके पर ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि स्कूल परिसर में पानी के भराव की रोकथाम सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने कहा कि सभी शिक्षक समय पर उपस्थित रहें और नियमित कक्षाएं सिलेबस के अनुसार संचालित की जाएं।